वृन्दावन जाने को | by Bulbul Agarwal

वृन्दावन जाने को जी चाहता है
राधे राधे गाने को जी चाहता है

वृन्दावन में बांके बिहारी
बांके बिहारी जी कृष्ण मुरारी
अँखियाँ मिलाने को जी चाहता है
वृन्दावन जाने को जी चाहता है

वृन्दावन में यमुना महारानी
यमुना रानी है यमुना महारानी
डुबकी लगाने को जी चाहता है
वृन्दावन जाने को जी चाहता है

वृन्दावन में संत बहुत हैं
संत बहुत हैं भक्त बहुत हैं
शीश झुकाने को जी चाहता है
वृन्दावन जाने को जी चाहता है

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b5%e0%a5%83%e0%a4%a8%e0%a5%8d%e0%a4%a6%e0%a4%be%e0%a4%b5%e0%a4%a8-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%a8%e0%a5%87-%e0%a4%95%e0%a5%8b-by-bulbul-agarwal/